**भारत सरकार**

**नागर विमानन मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3073**

**गुरुवार, 21 दिसम्बर, 2023(30 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

*****

**कानपुर विमानपत्तन से उड़ानें**

**3073. श्री अशोक कुमार रावतः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन शहरों का उड़ान-वार ब्यौरा क्या है, जहां के लिए वर्तमान में उत्तर प्रदेश के कानपुर (चकेरी) विमानपत्तन से विमान सेवा उपलब्ध हैं;

(ख) वर्तमान में किन शहरों को कानपुर से विमान यात्रा द्वारा जोड़े जाने का प्रस्ताव है; और (ग) इस प्रस्ताव को कब तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)**

(क) से (ग): डीजीसीए अनुमोदित 'शीतकालीन अनुसूची 2023, जो दिनांक 29.10.2023 से 30.03.2024 तक प्रभावी है, के अनुसार कानपुर हवाईअड्डे से/के लिए अनुमोदित निर्धारित उड़ानों की सूची अनुबंध के रूप में संलग्न हैं।

उड़ान 4.2 के तहत, कानपुर को चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और मुरादाबाद से जोड़ने वाले आरसीएस मार्गों को 19-सीटर प्रकार के विमानों द्वारा फ्लाईबिग को प्रदान किया गया था। मुरादाबाद हवाईअड्डे को लाइसेंस दे दिया गया है और चित्रकूट, श्रावस्ती और अलीगढ़ को लाइसेंस देने का कार्य प्रक्रियाधीन है। हवाईअड्डों के तैयार होने पर एयरलाइन प्रचालन शुरू कर सकती है।

मार्च, 1994 में विमान निगम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय घरेलू विमानन को नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है। कोई भी एयरलाइन प्रचालक, अपनी प्रचालनिक और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर देश के किसी भी शहर से/ के लिए हवाई सेवाएं शुरू करने पर विचार कर सकता है।

******

**अनुबंध**

| मार्ग | आवृत्ति/सप्ताह |
|---|---|
| बैंगलोर – कानपुर और वापसी | 07 |
| दिल्ली – कानपुर और वापसी | 07 |

| | |
|---|---|
| मुंबई – कानपुर और वापसी | 07 |

*****